माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

क्रमांकः माशिबो / गोप / 2021 दिनांक ....

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक मुख्यालय,

विषयः— बोर्ड परीक्षा—2021 के संबंध में ।

प्रायोगिक परीक्षाएं—

बोर्ड द्वारा उच्च माध्यमिक की शेष रही प्रायोगिक परीक्षाएं विद्यालय स्तर पर पूर्व निर्देशों अनुसार सम्पन्न कराने हेतु अंतिम दिनांक 08 जुलाई, 2021 निर्धारित की गई थी। विद्यालयों से दूरभाष पर प्राप्त सूचना के क्रम में विद्यालयों की छात्र संख्या अधिक होने अथवा कृषि विज्ञान एवं अन्य विषयों में परीक्षकों आदि की कमी के कारण प्रायोगिक परीक्षाएं सम्पन्न कराने की अवधि को बढ़ाकर 10 जुलाई, 2021 निर्धारित की जाती है। सभी विद्यालयों को एतद् बाबत् निर्देशित करावें कि वे उनके विद्यालय की शेष प्रायोगिक परीक्षाएं आवश्यक रूप से 10 जुलाई तक सम्पन्न कराकर ऑनलाईन अंक भिजवावें।

प्रायोगिक परीक्षा के संबंध में किसी जानकारी हेतु निम्न दूरभाष पर सम्पर्क किया जा सकता हैः— 1. श्री मंघाराम तोलानी —9413779590 2. श्री रमेशचन्द जैन — 9828177431

सैद्वान्तिक परीक्षाएं—

इस कार्यालय के पत्र क्रमांक SPL 1-33 दिनांक 29.06.2021 द्वारा कक्षा—12 एवं कक्षा—10 के अंको की निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन प्रविष्ठियां भरने हेतु अंतिम दिनांक कक्षा—12 हेतु दिनांक 07.07.2021 निर्धारित की गई थी तथा कक्षा—10 हेतु दिनांक 12 जुलाई, 2021 निर्धारित की गई थी। तकनीकी कारणों से जिन विद्यालयों द्वारा अंकों को ऑनलाईन नहीं भरा जा सका है ऐसे विद्यालयों द्वारा अंकों की प्रविष्ठी भरने की अन्तिम दिनांक कक्षा—12 हेतु दिनांक 10 जुलाई, 2021 तथा कक्षा—10 हेतु दिनांक 15 जुलाई, 2021 तक बढ़ाई जाती है। अतः आप अपने अधीनस्थ विद्यालयों को तदनुसार सूचित कर इस दिनांक तक आवश्यक रूप से कार्य सम्पादित करना सुनिश्चित करे।

अंको की प्रविष्ठियां भरने के संबंध में तकनीकी समस्या हेतु निम्न दूरभाष पर सम्पर्क किया जा सकता हैः— 1. 0145—2632865
2. 0145—2627454

8785
7.7.21

सचिव

प्रतिलिपिः— 1. निदेशक माध्यमिक शिक्षा, निदेशालय, बीकानेर
2. उप—निदेशक, जन सम्पर्क, मा.शि.बोर्ड, राज., अजमेर।
3. ए.सी.पी., उप—निदेशक, आई.टी.एण्ड सी. मा.शि.बोर्ड, राज. अजमेर।

7/7/2021

सचिव